**समाचार**

**निगम का स्वच्छता महाअभियान जारी**

# महापौर व आयुक्त ने किया विशेष स्वच्छता ड्राईव का निरीक्षण
# (बेहतर कार्यो हेतु अधिकारी कर्मचारियों का किया मार्गदर्शन)



कोरबा 23 मार्च 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के स्वच्छता महाअभियान के तहत संचालित की जा रही विशेष स्वच्छता ड्राईव के कार्यो का आज मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होने बेहतर सफाई कार्यो हेतु अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुए स्थल की सम्पूर्ण सफाई, बर्म, झाड़ियों आदि कटिंग, एकत्रित अपशिष्ट का तुरंत उठाव व परिवहन आदि करने के निर्देश दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि विगत 10 फरवरी से आगामी 31 मार्च तक नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एक सुनियोजित कार्ययोजना के तहत स्वच्छता महाअभियान संचालित किया जा रहा है। आज वार्ड क्र. 14 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में निगम अमले द्वारा विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, उत्सर्जित कचरे का उठाव व परिवहन सहित अन्य साफ–सफाई से संबंधित कार्यो का एक अभियान के रूप में पूरा किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने इन क्षेत्रों में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा स्वच्छता ड्राईव के बेहतर संचालन के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पूर्व की भांति आज भी स्वच्छता महाअभियान में सहभागिता दी। महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री पाण्डेय ने विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर वहॉ के निवासियों से स्वच्छता कार्यो पर चर्चा की तथा उनसे आग्रह किया कि वे निगम के साफ–सफाई कार्यो में अपना सहयोग दें, घर से निकले हुए कचरे को सडक, नाली व सार्वजनिक स्थान पर न फेंके, डस्टबिन में सूखा व गीला कचरा पृथक–पृथक संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही अपशिष्ट को दें। आज

स्वच्छता महाअभियान के दौरान अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, सहायक अभियंता एच.आर.बघेल, विनोद कुमार गोंड़, रोटरी क्लब के सदस्यगण विक्रम अग्रवाल, मंजित सिंह हूरा, संजयबुधिया, संजय अग्रवाल, डॉ.संजय अग्रवाल, पारस जैन, प्रेम गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल गुड्डू, डॉ.प्रिंस जैन, नितिन चतुर्वेदी, रिता क्षेत्रपाल, साहिल क्षेत्रपाल, संतोष जैन, आशीष अग्रवाल, निकेश भूटानी, पी.एस.गांधी, आकाश सिंघानिया, सतनाम सिंह, किशोर अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**आयुक्त ने किया आधा दर्जन वार्डो का निरीक्षण** – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज शहर के लगभग आधा दर्जन वार्डो की विभिन्न बस्तियों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों का अधिकारियों की टीम के साथ भ्रमण किया तथा वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था व किए जा रहे स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए बेहतर स्वच्छता कार्यो के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने वार्ड क्र. 17, 18, 20, 22, 24, 28, 14 आदि वार्डों के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता कार्यो का जायजा लिया तथा नाली की सफाई, स्वीपिंग कार्य, उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन आदि के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कचरे का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन किया जाए तथा ज्यादा समय तक स्थल पर कचरा डम्प न रहें। उन्होने सड़क व सार्वजनिक स्थान पर सी.एण्ड डी.वेस्ट डम्प करने वालों पर कार्यवाही करने तथा सी.एण्ड डी.वेस्ट का त्वरित उठाव कराने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**सी.एण्ड डी.वेस्ट पर अर्थदण्ड**– सी.एण्ड डी.वेस्ट एवं भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर डम्प किए जाने पर आज निगम अमले ने विभिन्न जोनांतर्गत कार्यवाही करते हुए संबंधितों पर अर्थदण्ड लगाया। निगम के कोरबा, दर्री जोन सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर सी.एण्ड डी.वेस्ट के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही सी.एण्ड डी.वेस्ट को स्थल से उठवाया गया।